कार्यालय मुख्य अभियंता (दक्षिण) अनु0
लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली सरकार)
7वॉ तल, एम.एस.ओ भवन, नई दिल्ली–02
दूरभाष : 23490019 / 23490020

O/o THE CHIEF ENGINEER (South) M
PUBLIC WORKS DEPARTMENTS
Government of N.C.T. of Delhi
7th Floor, MSO Bldg, New Delhi-02.
Telephone: 23490019 / 23490020

संख्याः 21(1)।मु0अभि0(दक्षिण)अनु0।लो0नि0वि0।ई0-2। 1965 दिनांकः 10/04/2026

कार्यालय ज्ञापन

विषयः रोकड़िया के पद के लिए उच्च श्रेणी लिपिक/अवर श्रेणी लिपिक के विकल्प आमंत्रण।

इस अंचल के अधीनस्थ दक्षिण भवन मंडल, दक्षिण–पूर्व भवन मंडल, दक्षिण–पूर्व सड़क मंडल–1, दक्षिण–पश्चिम सड़क मंडल–2 एवं दक्षिण सड़क मंडल–1 के कार्यालयों में रोकड़िया के रिक्त पद भरने के लिए इच्छुक अवर श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिको से विकल्प आमंत्रित किए जाते है। सभी मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, परियोजना प्रबंधक, कार्यपालक अभियन्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि उनके कार्यालय तथा उनके अधीनस्थ मंडलों में कार्यरत इच्छुक अवर श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक के नाम समेकित करके नीचे दिए गए प्रोफॉर्मा में उनका सेवा विवरण तथा पाँच साल की गोपनीय रिपोर्ट का सारांश इस कार्यालय में दिनांक 24.04.2026 तक अंचल या परिमंडल स्तर पर समेकित कर सतर्कता सफाई प्रमाण पत्र के साथ भेजने की व्यवस्था करें। रोकड़िया पद के लिए विकल्प देने वालों को निम्नलिखित शर्ते पूरी करनी होंगी।

1. कर्मचारी अपने पद पर स्थाई हो।
2. वह आवश्यक जमानत राशि देने को तैयार हो।
3. कर्मचारी ने कम से कम दो वर्ष तक लेखाशाखा में कार्य किया हो।
4. कर्मचारी द्वारा 01.04.2026 को 01 वर्ष से अधिक समय से पत्राचार शाखा में कार्यरत हो या लेखाशाखा में कार्य करते एक वर्ष से कम का समय हुआ हो।
5. कर्मचारी द्वारा विकल्प दिए जाने के बाद किसी भी स्थिति में उसे वापिस लेने की अनुमति नहीं होगी।
6. कर्मचारी का रोकड़िया पद पर चयन हो जाने पर बिना प्रतिस्थानी के कार्यभार मुक्त करना होगा।
7. कर्मचारी का सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. केवल उन्ही कर्मचारियों के विकल्प पूर्ण रूप से इस अंचल को भेजे जाए जिन्हें बिना एवजी के तत्काल भारमुक्त किया जा सकता है अन्यथा प्राप्त विकल्पों पर विचार नहीं किया जाएगा।

क्र. स.	नाम व पद	नियुक्ति की तिथि	वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि	क्या लेखा प्रशिक्षण पास किया है?	कार्यालय जहां कार्यरत है।	स्थाई/अस्थाई	यदि पत्राचार शाखा में कार्यरत है तो तिथि जब से कार्य कर रहे हैं।	यदि लेखा शाखा में कार्यरत है तो तिथि जब से कार्य कर रहे हैं।	लेखा शाखा में अनुभव का विवरण	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

यह पत्र मुख्य अभियन्ता (दक्षिण)एम की अनुमति से जारी किया जाता है।

(नन्द लाल)
सहायक प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि

1. मुख्य अभियन्ता (Works cum TLQA), (समन्वय शाखा), के0लो0नि0वि0, सैक्टर–7 बी, चण्डीगढ–160019 को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2–7 मुख्य अभियन्ता, अंचल– (उत्तर, पूर्व, शिक्षा अनुरक्षण, स्वस्थ्य अनुरक्षण, फ्लाईओवर अंचल, न्याय एवं परियोजना अंचल), लो0नि0वि0, नई दिल्ली। उनसे अनुरोध है कि वह अपने अधीन परिमंडल/मंडल कार्यालय में परिचालित करने की कृपा करें।
8–19 अधीक्षण अभियन्ता, दिल्ली केन्द्रीय परिमंडल 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10, विज्ञान भवन, राष्ट्रपति भवन, के0लो0नि0वि0, नई दिल्ली।
20–26 अधीक्षण अभियन्ता (वै0), दि0के0वै0परि0–1,2,3,4,5,6 एवं 8, के0लो0नि0वि0, नई दिल्ली।
27–29. अधीक्षण अभियन्ता, परिमंडल दक्षिण, दक्षिण–पूर्व एवं दक्षिण–पश्चिम, लो0नि0वि0, नई दिल्ली।
30. सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, 12वां तल, एम0एस0ओ0 भवन, नई दिल्ली। उनसे अनुरोध है कि यह प्रति लो0नि0वि0 की बेबसाईट पर अपलोड़ करवाने की कृपा करे।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी